हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 21 मई 2026

04 जनसुनवाईः नागरिकों ने नल-जल योजना की...



09 सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में ललितपुर...





## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने 57 आवेदनों पर सुनीं समस्याएं

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. और जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 57 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक कल होगी



**सीहोर।** जिला पंचायत सभाकक्ष में 22 मई को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग, जिला पंजीयक एवं सहकारी संस्थायें, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

### एक कदम सुपोषण की ओर अभियान के तहत वितरित की टोकरियां



**सीहोर।** महिला बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक कदम सुपोषण की ओर अभियान के अंतर्गत सीहोर जिला अस्पताल में पोषण टोकरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीडीपीओ शहरी बीएल मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम में कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार और पोषण स्तर बेहतर करने के लिए पोषण टोकरियां वितरित की गईं। इस दौरान बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस अवसर सीडीपीओ ग्रामीण श्रीमती प्रियंका दीवान सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

### बोर्ड परीक्षाओं में कमजोर परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यों पर जताई नाराजगी

# प्रत्येक पात्र विद्यार्थी का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



कलेक्टर प्रीति यादव की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों में नामांकन, ट्रांजिशन दर, बोर्ड परीक्षा परिणाम, छात्रवृत्ति वितरण, आधार अपडेशन, निर्माण कार्यों सहित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में नामांकन एवं ट्रांजिशन दर बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र विद्यार्थी का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए तथा ड्रॉपआउट विद्यार्थियों को पुनः शिक्षा से जोड़ा जाए। कलेक्टर ने कमजोर परीक्षा परिणाम देने वाले हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों की समीक्षा की। हाई स्कूल खजूरी बड़ौद, भंडावद एवं बीजानगरी सहित अन्य कमजोर परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कमजोर परिणाम वाले स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में बालिका शौचालय एवं अतिरिक्त प्रयोगशाला निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित निर्माण एजेंसियों को शत-प्रतिशत कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में संचालित समस्त निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर ने लैपटॉप वितरण, पाठ्यपुस्तक वितरण, साइकिल वितरण एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पात्र विद्यार्थियों को निर्धारित समय-सीमा में योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने लंबित छात्रवृत्ति प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर शत-प्रतिशत स्वीकृति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों के आधार अपडेशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संकुल एवं बीआरसी स्तर पर आधार कैंप आयोजित नहीं किए जाने पर समस्त बीआरसी को सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही पुनः विशेष आधार कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सौरभ जैन, जिला परियोजना समन्वयक एमके जाटव, सहायक परियोजना समन्वयक दिनेश कुंभकार, रजनीश स्वर्णकार गंगाराम मेवाड़ा, मंगलेश सोनी, बीईओ, बीआरसी और संकुल प्राचार्य उपस्थित थे।

### दवाई के लिए भटकते रहे लोग

## ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ नगर में मेडिकल स्टोर बंद रहे

नलखेड़ा के मेडिकल स्टोर संचालकों ने भी बंद का समर्थन किया है, सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बुधवार को देशभर में मेडिकल स्टोर बंद रहें। नलखेड़ा में सभी मेडिकल स्टोर बंद रहे। इस दौरान दवाई के लिए लोग भटकते दिखाई दिए। ऑनलाइन दवा कारोबार के विरोध में बुधवार को देशभर में मेडिकल कारोबारियों की बड़ी हड़ताल हुई । ऑनलाइन दवा कारोबार के विरोध में ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन के आव्हान पर नलखेड़ा के मेडिकल स्टोर संचालकों ने भी बंद का समर्थन किया है। नगर के सभी मेडिकल स्टोर बंद रहे। जिसके चलते मरीजों के परिजन आवश्यक दवाइयों के लिए परेशान होते दिखाई दिए। दवा व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिना फार्मासिस्ट निगरानी के दवाओं की सप्लाई की जा रही है, जो मरीजों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। दवा विक्रेताओं ने दावा किया कि ऑनलाइन बिक्री के जरिए नकली, एक्सपायरी और गलत दवाओं के वितरण का जोखिम बढ़ रहा है। जिसके विरोध में देशभर के मेडिकल स्टोर कारोबारियों ने बंद रखकर अपना विरोध दर्ज करवाया है और सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया है।

### गांव-वार्डों में शिविर लगाकर सुलझा रहे बिजली शिकायतें

**सीहोर।** सीहोर में विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए संपर्क अभियान शुरू किया है। महाप्रबंधक पूनम तुमराम के अनुसार अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर सेवाओं में तेजी लाना और शिकायतों का शीघ्र निराकरण करना है। अभियान के तहत वितरण केंद्रों के क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में बिजली बिल, मीटर, सर्विस केबल, नए कनेक्शन और तकनीकी सेवाओं से जुड़ी समस्याओं की सुनवाई कर समाधान किया जा रहा है। सोमवार को अमलाहा के कालियाखेड़ी, बिजोरी के जानपुरबावड़िया, बिलकिसगंज के वीरपुर, इछावर के सेवनिया, खजूरीकला के सिराड़ी, अहमदपुर, दिवड़िया के मूण्डला, दोराहा के तकिया, नापलाखेड़ी के हसनाबाद, श्यामपुर के बर्री, थूना के ढुपाड़ियाभील, भाउखेड़ी के प्रतापुरा और ब्रिजिशनगर में शिविर आयोजित हुए। सीहोर शहर जोन-1 के वार्ड 1, 2 और 29, जोन-2 के वार्ड 8, हकीमाबाद के खेमपुर, जावर के बमूलिया, आष्टा शहर के वार्ड 3, मैना के पटारियागोयल, मेहतवाड़ा के गुराड़ियावर्मा और सिद्दीकगंज में भी शिविर लगे।

# गर्मी में वाटर कूलर दे रहा गर्म पानी, दर्शनार्थी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





इस भीषण गर्मी में जब हजारों दर्शनार्थी प्रतिदिन मां बगलामुखी मंदिर पहुंच रहे है उनकी प्यास बुझाने के लिए वॉटर कूलर गर्म पानी दे रहे है। परिसर में स्थित सुविधाघर मे गंदगी व्याप्त है जिससे लगातार बदबू उठ रही है। सबसे बड़ा आश्चर्य यह है कि प्रबंध समिति की वेबसाइट से बनने वाली हवन कुंड की रसीद की एडिटिंग भी की जा रही है। ऐसा लगता है कि मंदिर पर व्यवस्थाएं जुटाने में प्रशासन पूरी तरह नाकाम हो रहा है। विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर जोकि धार्मिक पर्यटन केंद्र है। यहाँ के प्रबंधन के लिए एक शासकीय माँ बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति है। जिनके अध्यक्ष वर्तमान में एक डिप्टी कलेक्टर है वही सचिव तहसीलदार है।विभिन्न शासकीय विभागों के प्रमुख इसके सदस्य है। अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने के चलते यह मंदिर विश्व भर में प्रसिद्ध है। यहाँ प्रतिदिन देशभर के साथ ही विदेशों से भी हजारों भक्त दर्शनार्थ पहुंचते है।

वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर जारी है लेकिन यह गर्मी भी भक्तों की आस्था को नही रोक पा रही है यही कारण है कि इस भीषण गर्मी में भी सुबह से रात्रि तक दर्शनार्थ भक्तों की कतारें लग रही है। इतनी बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने पर प्रबंध समिति का कर्तव्य है कि उनके लिए मंदिर परिसर में मूलभूत व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाए। लेकिन वर्तमान समय मे कही भी मूलभूत व्यवस्थाएं दिखाई नही दे रही है। मंदिर परिसर में कहने को तो लगभग एक दर्जन वॉटर कूलर लगे हुवे है। इनमें से अधिकांश दानदाताओं द्वारा लगवाए गए है। लेकिन इनका समुचित रखरखाव नही होने से अधिकांश बंद पड़े हुवे है अथवा गर्म पानी दे रहे है जिसके कारण भक्तों को इस भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझाने के लिए ठंडा पानी नही मिल पा रहा है।

भक्तों की इस परेशानी को दूर करने व व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रबंध समिति द्वारा कोई प्रयास नही किये गए। भक्तों की परेशानियों को देखते हुवे मंदिर के ही कुछ पंडितों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा ठंडे पानी की व्यवस्था कर कतारों में भक्तों को पानी पिलवाया जा रहा है। साथ ही सिंह द्वार पर प्याऊ लगाकर ठंडा पानी पिलवाया जा रहा है। मंदिर पर वर्षो से एक अदद सुविधाघर की समस्या विद्यमान है। जो एक सुविधाघर है उसमें भी गंदगी पसरी रहती है जिसके कारण बदबू उठती रहती है। मंदिर प्रशासन भक्तों के लिए एक साफ स्वच्छ सुविधाघर भी उपलब्ध करवाने में अभी तक नाकाम दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही मंदिर प्रबंध समिति द्वारा परिसर में हवन अनुष्ठान करवाने के लिए पंडितों का रजिस्ट्रेशन किया हुआ है जिनकी सूची प्रबंध समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध भी है। इसके अलावा 500 से अधिक पंडित बगैर रजिस्ट्रेशन वाले भी है जिनमे से अधिकांश की पहचान का संकट है। ऐसे में मंदिर पर भक्तों के साथ ऑनलाइन ठगी, ऑनलाइन हवन के माध्यम से भक्तों की आस्था का फायदा उठाकर उन्हें लूटने की भी शिकायते प्राप्त होती रहती है।

सबसे आश्चर्यजनक तो यह है कि मंदिर की वेबसाइट से ऑनलाइन निकलने वाली हवन कुंड किराए की रसीद की एडिटिंग कर भक्तों को लूटने का गोरखधंधा भी चल रहा है जिसमे लूटने वाला भक्तों को मंदिर परिसर में वीआईपी कुंड पर मिर्ची हवन करवाने का झांसा देकर लूट रहा है। जबकि प्रबंध समिति द्वारा वीआईपी हवन कुंड की कोई बुकिंग नही की जाती है साथ ही मंदिर परिसर में मिर्ची हवन भी पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस प्रकार की धोखाधड़ी की शिकायत भी एक भक्त द्वारा प्रबंध समिति को की गई है। भक्तों के साथ लूट के नए नए तरीके भी ईजाद किये जा रहे है। दर्शनार्थियों की भीड़ अधिक रहने पर प्रोटोकॉल कतार से दर्शन के नाम पर धोखाधड़ी का मामला भी प्रकाश में आ चुका है।इतना सब कुछ होने पर अभी तक ना तो मंदिर प्रबंध समिति और न ही प्रशासन ने भक्तों के साथ हो रही इस प्रकार की लूट को लेकर कोई पुख्ता कार्रवाई नही की है जिसके कारण इनके हौसले बुलंदी पर है। प्रशासन को इस भीषण गर्मी में तत्काल मंदिर परिसर में भक्तों के लिए पेयजल व सुविधाघर जैसी मूलभूत व्यवस्था की जाना चाहिए। धोखाधड़ी रोकने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए कड़े कदम उठाना चाहिए।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित

# समय सीमा में हो प्रकरणों का निराकरण, आमजन को न लगाना पड़े कार्यालयों के चक्कर : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में संचालित राजस्व संबंधी कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा राजस्व व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व वसूली, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन, लोक सेवा गारंटी प्रकरण, सीएम हेल्पलाइन, सारा पोर्टल, उपार्जन कार्य, ई-विकास के माध्यम से खाद वितरण व्यवस्था तथा फार्मर रजिस्ट्री सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि राजस्व विभाग सीधे आमजन से जुड़ा विभाग है, इसलिए प्रत्येक प्रकरण का निराकरण संवेदनशीलता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन सहित सभी राजस्व संबंधी शिकायतों एवं प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने राजस्व वसूली कार्यों की समीक्षा करते हुए वसूली अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से पटवारियों को निर्देशित किया कि वे सीमांकन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में फसल कट चुकी है, इसलिए सीमांकन कार्यों को तेजी से पूर्ण करने का यह सबसे उपयुक्त समय है। उन्होंने सभी पटवारियों को प्रतिदिन नियमित रूप से सीमांकन कार्य करने और लंबित प्रकरणों का गंभीरता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। बुधनी क्षेत्र में सीमांकन के लंबित मामलों को लेकर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने को कहा तथा विवादित सीमांकन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत किया जाए, ताकि आमजन को समय पर सेवाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने सारा पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की भी समीक्षा की और लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। भू-अर्जन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इन मामलों में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि समयबद्ध निराकरण से लंबित मामलों की संख्या स्वतः कम होगी और विकास कार्यों में भी तेजी आएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भू-अर्जन से जुड़े प्रकरणों में आवश्यक समन्वय बनाकर कार्यवाही करें तथा प्रभावित पक्षों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करें।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना

# हितग्राही 30 जून तक बायोमेट्रिक ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

> योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी, आधार लिंकिंग, डीबीटी सक्षम बैंक खाता तथा फार्मर आईडी आवश्यक है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राही कृषकों को योजना का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे, इसके लिए शासन द्वारा जिले में बायोमेट्रिक ई-केवाईसी अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाएगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी, आधार लिंकिंग, डीबीटी सक्षम बैंक खाता तथा फार्मर आईडी आवश्यक है। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार अब प्रत्येक वर्ष हितग्राहियों का बायोमेट्रिक माध्यम से ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य किया गया है। किसान यह प्रक्रिया कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), पीएम किसान मोबाइल एप के फेस रिकग्निशन फीचर अथवा वीएनओ के माध्यम से पूर्ण कर सकते हैं। कलेक्टर प्रीति यादव ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने ग्राम पंचायतों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा कृषि, पंचायत एवं अन्य विभागों के मैदानी अमले द्वारा किसानों को जागरूक कर ई-केवाईसी कराने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी पीएम किसान हितग्राहियों से अपील की है कि वे समय रहते अपना बायोमेट्रिक ई-केवाईसी पूर्ण करा लें, ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किश्तों का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त हो सके।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वयंसेवी संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वयंसेवी संस्थाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मप्र जन अभियान परिषद से जुड़ी विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, अधिकारियों एवं समिति सदस्यों ने सहभागिता करते हुए जिले में संचालित सामाजिक एवं जनजागरूकता गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका को समाज और शासन के बीच मजबूत सेतु बताते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## खबर संक्षेप



### ग्राम खड़ी हाट में किया एक्सपोज़र भ्रमण

**सीहोर।** भोपाल प्रशासनिक अकादमी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार राज्य से आए नवनियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों का आष्टा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत खड़ी हाट में एक्सपोज़र भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों को ग्रामीण विकास संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनके क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने ग्राम पंचायत में संचालित विकास कार्यों, आजीविका गतिविधियों एवं पंचायत व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों एवं पंचायत पदाधिकारियों से चर्चा कर योजनाओं के प्रभाव और ग्रामीण सहभागिता की जानकारी भी प्राप्त की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को ग्रामीण प्रशासन एवं विकास कार्यों की व्यवहारिक समझ प्रदान करना था।

### परिजनों और परिचतों ने किया रक्तदान



**सीहोर।** शहर के हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी मनीष दुबे का साढ़े तीन साल का मासूम एक हादसे में देहांत हो गया था, उसकी याद में हर वर्ष रक्तदान करने का निर्णय परिजनों ने लिया है और इसको सार्थक करते हुए बुधवार को शहर के जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में परिवार सहित अन्य ने करीब 14 यूनिट रक्तदान जरूरतमंदों के लिए प्रदान किया। लगातार दूसरी साल मासूम की याद में रक्तदान किया है, परिजनों का कहना है कि आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। इस संबंध में मासूम के पिता दुबे ने बताया कि 2021 में उनके पुत्र का आकस्मिक निधन छत से गिरने के कारण हो गया था, उसकी याद में हर साल रक्तदान करने के साथ जरूरतमंदों की सेवा का संकल्प लेकर इस पुनीत रक्तदान शिविर का आयोजन है किया गया है। इस शिविर में बच्चे के परिजन और कई अन्य लोग शामिल हुए और उन्होंने रक्तदान किया। रक्तदान जीवन बचाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। यह रक्तदान शिविर एक सामाजिक पहल थी जो लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करती है और लोगों को एक दूसरे के लिए मदद करने के लिए प्रेरित करती है। बच्चे के पिता ने बताया कि अगले वर्ष इस कार्यक्रम में और अधिक संख्या में लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा साथ ही रक्तदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

### विधायक ने नागरिकों को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण होगा

# जनसुनवाई: नागरिकों ने नल-जल योजना की लाइन से कनेक्शन देने की मांग कर मांग पत्र सौंपा

**बुधवार को पकार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में ग्राम मैना के ग्रामीणों ने पहुच कर नल जल योजना की लाइन से गायत्री मन्दिर एवं उसके आस पास के रहवासियों को नल कनेक्शन दिये जाने की मांग का मांग पत्र विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को सौपा । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज जनसुनवाई में आये अन्य कई ग्रामो के ग्रामीण जनों की वन टू वन मिल कर समस्याओं को सुना । स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है ।

बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये । आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है । आज भी बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आज आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण होगा,जो मांग शासन स्तर की है उनेह वे शासन तक पहुचायेंगे। आज जनसुनवाई में समग्र आई.डी. से नाम पृथक कराने पेंशन प्रारंभ कराने,के.सी.सी. राशि माफ कराने, ग्राम बोरखेड़ा में दरबार कालोनी तक मुरमीकरण कराने,डाबरी से बड़लिया बरामद तक मुरमीकरण पेयजल हेतु नवीन हेन्ड पम्प खनन कराने,ग्राम बालाखेड़ा में हनुमानजी मंदिर के पास हेन्डपम्प लगवाने एवं पेयजल हेतु पानी का टेंकर प्रदाय कराने,रोजगार प्रदाय कराने,एक बत्ती एवं नल कनेक्शन प्रदाय कराने,आर्थिक सहायता प्रदाय कराने नगर परिषद जावर वार्ड कं. 03 में महाराणा प्रताप की प्रतिमा, श्रीराम जी की प्रतिमा एवं नेवज नदी के अप एवं डाउन स्ट्रीम पर डेकोरेटिव पॉल निर्माण, गायत्री मंदिर भँवरा की रिटेनिंग वाल निर्माण,दुर्गा मंदिर चबुतरा निर्माण चिन्नोठा में कराने,कन्नौद मीरजी में जांगड़ा समाज धर्मशाला निर्माण कराने,नीलबड़ में पाटीदार समाज धर्मशाला टीनशेड निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगवाने, पैत्रक जमीन को कब्जा मुक्त कराने, टिबुपुरा उमरदड़ में पेयजल हेतु नवीन हेन्ड पम्प लगवाने,कबीर आश्रम शेखु खेड़ा में पेयजल हेतु पानी का टेंकर प्रदान करने,स्टाम्प शुल्क मुफ्त कराने, कृषि भूमि की ऋण पुस्तिका बनवाने संबंधी,लोटस कॉलोनी वार्ड कं. 01 आष्टा विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित कराने, अ.जा. बस्ती में आमला मज्जू में टीनशेड निर्माण,आगजनी होने पर मुआवजा राशि प्रदाय कराने,देव राजल का मंदिर निर्माण ग्राम भँवरा,ग्राम मैना में नल जल योजनान्तर्गत नल कनेक्शन हेतु, नामान्तरण कराये जाने,रिक्श टेम्पों (दिव्यांग) प्रदाय कराने हेतु,पारिवारिक विवाद में पुलिस द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही की शिकायत,सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए । सभी आई शिकायतों,मांगो एवं आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है । विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये,कुछ आवेदन निराकरण हेतु सम्बंधित विभागों को भेजे गये।

## भीषण गर्मी 2 घंटे बिजली कटौती ग्रामीणों का जीना हुआ दुश्वार

### ग्रामीणों ने की घोषित अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग



**सीहोर।** अघोषित बिजली कटौती ने ग्रामीणों का जीना दुश्वार कर दिया है। भीषण गर्मी में सेमरा दांगी सहित आसपास के गांवो में 2 घंटे बिजली कटौती की जा रही है। ग्रामीणों ने बुधवार को विनय सिंह दांगी के नेतृत्व में विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय पहुंचकर कार्यपालन यंत्री को ज्ञापन देकर घोषित अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कटौती के कारण घरों में कूलर पंखे नहीं चल पा रहे हैं हालात ऐसे हैं कि हमारी रातों की नींद हराम हो गई है और बिजली नहीं होने के कारण दिन में भी आराम नहीं कर पा रहे हैं। क्षेत्र में मक्खी मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ गया है ग्रामीण तेज गर्मी और हवा की गति कम होने के कारण घबराहट बेचैनी के शिकार हो रहे हैं। बिजली कटौती ने ग्रामीणों का जीना मुश्किल कर दिया है। गर्मी में पर्याप्त हवा नहीं मिलने से बच्चों पर बीमार होने का खतरा बना हुआ है। क्षेत्र के कुलदीप दांगी, चंद्र प्रकाश सिंह, विक्रम सिंह, महेंद्र दांगी, विनोद मेवाड़ा, महेश मेवाड़ा, धर्मेंद्र मालवीय, प्रमोद धाकड़ सहित ग्राम वासियों ने विद्युत वितरण कंपनी से रात और दिन में की जा रही 2 घंटे की आ घोषित बिजली कटौती तत्काल बंद करने की मांग की है।

## संसार में ऐसी कोई वस्तु नहीं जो मेरा शंकर न दे सके: पं मोहितराम पाठक



**सीहोर।** आज का मानव सांसारिक वस्तु प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भटक रहा है किंतु संसार में ऐसी भी कोई वस्तु नहीं जिसको मेरे भोले दे ना सके जो शिव की शरण में आ जाता है उसे संसार की ही नहीं शिव की शरण प्राप्त हो जाती है।

उक्त उद्गार राम नगर कालोनी ग्राम दोराहा सीहोर में चल रही सप्त दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक सीहोर वालों ने व्यक्त किए आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा आज के इस युग में दो चीजों को ज्यादा नुकसान हुआ है एक तो रहा धर्म और करू , इस कली काल में आज का मानव सबसे ज्यादा धर्म को नुकसान पहुंचा रहा है। दूसरा धन के चक्कर में कर्म बिगड़ गए है और जब तक धर्म है कर्म है तब तक सनातन सुरक्षित है सनातन धर्म के बिना मानव जीवन की कल्पना भी करना गलत है आज मानव को अपने धन का दसवां भाग धर्म में लगाना चाहिए आपका धन भी शुद्ध होगा और जिससे धर्म , आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा कि धन का संग्रह तो सब कर रहे हैं करना भी चाहिए किंतु धन के साथ-साथ धर्म यदि नहीं बचा सके धर्म का संग्रह नहीं हुआ तो जीवन और मृत्यु दोनों बिगड़ जाएगी भगवान शिव ने ग्रहथ जीवन को परिवार संयोजन का रिश्ता सिखाया है। किस प्रकार हमें धर्म और शर्म के साथ परिवार को लेकर चलना है भगवान शिव के परिवार में किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं है सब परस्पर प्रेम से धर्म और कर्म के साथ गृहस्थी को आगे बढ़ा रहे हैं यही शिव महापुराण की कथा सिखाती है कि किस प्रकार परिवार रिश्ते नाते अपने-अपने ग्रहथ धर्म का पालन करते हुए जीवन जीना चाहिए और जिस पर भगवान शिव की कृपा बरसती है उसे लक्ष्मी और नारायण दोनों की प्राप्ति हो जाती है। धन के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ता भगवान शिव उसके लिए कुबेर का भंडार खोल देते हैं। माता लक्ष्मी ने शिव से नारायण को मांगा भगवान शिव ने लक्ष्मी और नारायण दोनों को एक कर दिया, हम विश्व की कथा पूजन करेंगे तो लक्ष्मी नारायण की कृपा शिव कृपा के साथ हमें भी प्राप्त होगी, श्री पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर भगवान शिव का महा रुद्राभिषेक किया जाएगा कथा के आयोजन कर्ता समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी ग्राम दोराहा एवं अग्रवाल परिवार ने संपूर्ण क्षेत्रवासियों से कथा में पधारकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

## वृद्धजनों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया: प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी



**सीहोर।** प्रमुख पेंशन एसोसिएशन सीहोर इकाई की जिला स्तरीय प्रथम बैठक रविवार को आयोजित की गई। जिसमें पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष श्याम जोशी एवं कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एल.एन. कैलाशिया ने की। अध्यक्षता एसोसिएशन के वरिष्ठ संरक्षक के.एल.बैरागी ने की। विशेष अतिथियों के रूप में महामंत्री बाबुलाल शर्मा, संयुक्त सचिव सजन कुमार नागर, प्रमुख पेंशन एसोसिएशन इन्दौर शाखा के अध्यक्ष रमेश नेता, डॉ.साधुराम शर्मा, पं.राममूर्ति शर्मा, हरिओम शर्मा दाऊ उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत सम्मान प्रमुख पेंशन एसोसिएशन के अध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर एवं कार्यकारिणी द्वारा पुष्पहारों से एवं साफा बांधकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरिओम शर्मा दाऊ एवं संतोष जैन संतु ने किया। बेलनेस सेंटर के संचालक उमेश शर्मा द्वारा वृद्धजनों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु अपना उद्बोधन दिया गया। कुन्दनलाल साहु इन्दौर द्वारा चारों धाम यात्रा के सम्बंध में अपने विचार व्यक्त किये। पं.राममूर्ति शर्मा ने भी पेंशनरों के हित में किये गये कार्यों के प्रगति प्रतिवेदन से अवगत कराया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने महंगाई राहत, लंबित पेंशन प्रकरणों, चिकित्सा सुविधा, कैशलेस उपचार योजना, पारिवारिक पेंशन तथा बैंक स्तर पर आने वाली समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। कई पेंशनरों ने समय पर भुगतान नहीं होने एवं कार्यालयों में अनावश्यक देरी पर चिंता व्यक्त की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पेंशनर समाज के हितों की रक्षा हेतु संगठन सशक्त रूप से प्रयासरत है तथा संबंधित विभागों के समक्ष समस्याओं को प्रभावी ढंग से रखा जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण हेतु जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा पेंशनरों के अधिकारों के लिए एकजुट होकर कार्य करने एवं अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर प्रमुख पेंशन एसोसिएशन के विस्तार हेतु संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पेंशनर सदस्य उपस्थित रहे। बैठक प्रमुख से उपस्थित सदस्यगणों में डॉ.भागचंद जैन, विरेन्द्र सिंह बिसोरिया, प्रकाश अग्रवाल, राजेन्द्र राठौर, कैललाश झमटानी, सुभाष नामदेव, कैलाश खाण्डे, दीनदयाल शंकवार, भगवान दास प्रजापति, मुन्ने खाँ, पं.हेमंत वल्लभ दुबे, बाबुलाल राठौर, बी.एच.जुनजानी, टीकम अग्रवाल, शंभुदयाल राठौर, लखनलाल सेन, बेनी प्रसाद कुशवाह, अशोक कुमार दुबे, भगवती प्रसाद शर्मा, सुधीर दुबे, सुरेश श्रीवास्तव, राजेन्द्र गांधी, एल.एस.सेन, राम बाबु सक्सेना सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे।

## जावर नगर में कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



महिला एवं बाल विकास द्वारा जावर नगर में कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में करवाई गई महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना जावर द्वारा एक कदम सुपोषण की ओर अभियान के द्वितीय पेज़ अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई।

जांच शिविर में डॉक्टर दीपराज बागरी द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बच्चों को आयरन जिंक, मल्टीविटामिन, एमोक्सिसिलिन, कैल्शियम दवाइयां दी गई सभी बच्चों को पोषण कीट भी प्रदान किया गया स्वास्थ्य जांच में प्रभारी परियोजना अधिकारी रीना सिंह सेक्टर पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

### जल संकट को लेकर महिलाओं की गांधीगिरी रैली

# 44 डिग्री तापमान में भोपाल पहुंचकर की बोर खनन व नल जल योजना की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जल संकट को लेकर सीहोर जिला के दर्जनों गांवों की महिलाएं खाली पानी के बर्तन और हाथों में गुलाब के फूल लेकर गांधीगिरी के अंदाज में पैदल रैली निकालते हुए राजधानी भोपाल पहुंचीं। भीषण 44 डिग्री तापमान और तेज धूप के बीच महिलाएं नारे लगाते हुए आगे बढ़ रही थीं।

इस रैली में ग्राम पंचायत रामगढ़ के सरंपच अशोक मीणा के साथ आसपास के आदिवासी क्षेत्रों की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। जिनका कहना था कि ग्राम पंचायत रामगढ़ के ग्राम पांगरी जंगल, काला पाठा मोहल्ला, मव वड़ला, आदिवासी मोहल्ला, पांगरी जंगल में हरिजन मोहल्ला में पानी कि बहुत किल्लत है, हमारे हमारे यहाँ रामगढ़ में नदी के पास बोर खनन कराया जाय उससे पाईप लाईन के माध्यम से घरों में जल पहुंचाया जावेगा एवं नल जल योजना का कार्य शुरु किया जाये। में महिलाओं के सिर पर खाली पानी के बर्तन थे और हाथों में गुलाब के फूल लेकर वे सरकार से गांवों में पानी की व्यवस्था और बोर खनन कराने की मांग कर रही थीं।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जल संकट से जूझ रहे गांवों में तत्काल नलकूप (बोर) खनन कराया जाए तथा उनकी समस्या मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तक पहुंचाई जाए। आंदोलन का ने मेवाड़ा कर रहे थे। किसान एवं समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा एवं ग्रामीणों का कहना था कि पिछले दो महीनों से वे लगातार मुख्यमंत्री कार्यालय, प्रभारी मंत्री और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को गांवों में बोर खनन की मांग के ज्ञापन सौंपते आ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष विभाग के बजट में लगभग 70 प्रतिशत कटौती होने से सभी गांवों में नलकूप खनन कराना संभव नहीं हो पा रहा है। इसके बाद ग्रामीणों ने वित्त विभाग से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का बजट बढ़ाने और जल संकट प्रभावित गांवों में तत्काल राहत देने की मांग उठाई।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि गांवों में जल्द बोर खनन नहीं कराया गया तो उनका आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। वहीं किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा और ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन का धन्यवाद भी किया। उनका कहना था कि पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान महिलाओं और ग्रामीणों के लिए पानी, चाय और नाश्ते की व्यवस्था कर सहयोग किया तथा उनका ज्ञापन संबंधित मंत्रियों और अधिकारियों तक पहुंचाने में मदद की।

## बिजली विभाग को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर ने दी चेतावनी

**जावर ।** जावर क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा बार-बार कटौती की जा रही है जिसकी वजह से आमजन को बहुत अधिक परेशानी हो रही है। भयंकर गर्मी का मौसम है और इस समय बिजली पर खेती की मोटर पंप का ओवरलोड भी नहीं है ।लेकिन फिर भी रात भर बार-बार बिजली काटी जा रही है अगर बिजली विभाग द्वारा बिजली की कटौती जारी रही तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी साथी एवं क्षेत्र वासियों के साथ मिलकर आंदोलन एवं ज्ञापन दिया जाएगा और बिजली विभाग का घेराव किया जाएगा रात्रि के समय घंटों गुल रहती है बिजली, बिजली विभाग द्वारा रात्रि के समय ओवर लोडिंग के मेसेज ग्रुप में डाल कर पल्ला झाड़ दिया जाता है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत परेशानी आती है रात्रि में बच्चों एवं बुजुर्ग सहित आम जनता परेशान होते है ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर, सुरज सिंह बमुलिया रायमल, जीवन सिंह, आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा अगर समस्या का समाधान नहीं होता है तो बिजली विभाग का घेराव करेंगे।



## खबर संक्षेप



### सार्वजनिक सड़क पर कब्जे का आरोप

**ललितपुर।** तहसील महरौनी क्षेत्र के ग्राम जिजयावन के ग्रामीणों ने ग्राम सभा की भूमि से निकली सार्वजनिक सड़क पर कथित अवैध कब्जे और बाड़ लगाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की सार्वजनिक सड़क, जिसका उपयोग वर्षों से आम आवागमन के लिए किया जाता रहा है, उस पर कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जा कर बाड़ लगा दी गई है। इससे ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत पत्र में बताया गया कि 18 मई को गांव के कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा कर निर्माण कार्य कराने और बाड़ लगाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इससे गांव में विवाद की स्थिति बन गई है तथा भविष्य में किसी अप्रिय घटना की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक रास्ते से अवैध कब्जा हटवाकर रास्ते को पुनः चालू कराया जाए, जिससे गांव के लोगों का आवागमन सुचारु रूप से हो सके। साथ ही दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की भी मांग उठाई गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की अपील की है। पत्र देते समय शेर सिंह, भगवत सिंह, जितेन्द्र, शैलेन्द्र, महेन्द्र सिंह, मयंक, कुन्दन, ऊदल सिंह, अजय पाल के अलावा कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

### आज आयोजित होगा रोजगार मेला

**ललितपुर ।** जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर में 21 मई को प्रातः 10:30 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में 1-पटेल बायो फर्टिलाईजर, ललितपुर द्वारा फील्ड ऑफिसर पद हेतु 05 रिक्तियां 2-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 50 रिक्तियां 3-सेकमैन सर्विस एलएलपी में गार्ड पद हेतु 05 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियॉ भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियॉं रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमांड नही की जाती है।

### मोबाइल बरामद कर लौटाई मुस्कान

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में थाना बार पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए दो गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 85 हजार रुपये बताई गई है। मोबाइल वापस मिलने पर पीड़ितों ने ललितपुर पुलिस एवं थाना बार पुलिस की प्रशंसा की। एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना बार पुलिस को खोए हुए मोबाइल फोन के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नियमानुसार जांच की गई। थाना बार पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों का परीक्षण कर भारत सरकार द्वारा संचालित पोर्टल पर संबंधित विवरण अपलोड किया। एजेंसियों से प्राप्त तकनीकी डेटा एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर दोनों मोबाइल फोन को बरामद कर लिया गया।

### प्रगति में सुधार करने वाले विभागों को सराहा

# सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में ललितपुर जिले को 11वां स्थान मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की। समीक्षा में सीएम डैशबोर्ड पर जिले को ऑलओवर 11 वीं रैंक प्राप्त हुई, जिसमें विकास कार्यों में 8 और राजस्व में 26 वीं रैंक शामिल है। जिलाधिकारी ने जहां प्रगति में सुधार करने वाले विभागों को सराहा तो वहीं खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को भी फटकार लगायी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सहरिया जनजाति के लोग दस्तावेज न होने की वजह से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं, उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी सहरिया जनजाति बहुल ग्रामों, मजरों को चिन्हित कर वहां कैंप लगाकर शत प्रतिशत लोगों के जन्म प्रमाण पत्र व आधारकार्ड बनवाए जाएं और प्रतिदिन बनाए गए दस्तावेजों की रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी और जिला सूचना अधिकारी को उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने फैमिली आईडी की कम प्रगति पर सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान चलाकर लक्ष्य के सापेक्ष फैमिली आईडी बनवाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया कि रैंकिंग में अतिरिक्त ऊर्जा, उद्यान, ऊर्जा, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, दिव्यांग पेंशन, नमामि गंगे, पंचायती राज, सामाजिक वानिकी, पर्यावरण, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति, मत्स्य, निराश्रित महिला पेंशन, सेतु निर्माण, श्रम एवं सेवायोजन, पारिवारिक लाभ योजना एवं सहकारिता विभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 में से 10 अंक प्राप्त किये हैं। बैठक में सीडीओ शेषनाथ चौहान, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, डीडीओ अतिरंजन सिंह, पीडीडीआरडीए दीपक यादव, डीआईओ सहित लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, विद्युत आदि विभागों के अभियंता उपस्थित रहे।

## 7 से 15 वर्ष आयु वर्ग का 30 सितंबर तक निशुल्क बनेगा आधार, अपडेट भी करा सकेंगे



सहरिया समुदाय को लेकर विगत दिनों जिलाधिकारी ने एक पहल शुरु की है, जिसके तहत जनपद के सभी जनजाति बाहुल्य ग्रामों में सहरिया समुदाय के लोगों के कैम्प के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड एवं शत-प्रतिशत लोगों की फैमिली आइडी बनाये जाने हैं, जिससे इन्हें भी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके लिए बुधवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति एवं फैमिली आईडी की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा 7 से 15 वर्ष आयुवर्ग के लिए नया आधार/अपडेट हेतु 30 सितम्बर, 2026 तक निशुल्क कर दिया है। इसके अलावा 5 से 7 वर्ष एवं 15-17 वर्ष आयु वर्ग हेतु नया आधार व अपडेट हेतु पूर्व से निःशुल्क व्यवस्था है। जिलाधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को 5-7 वर्ष के लम्बित-36147 एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को 15-17 वर्ष के लम्बित-27634 छात्रा/छात्राओं को अनिवार्य बायोमेट्रिक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गए, जिससे नये शैक्षणिक सत्र में बच्चों को आधार सम्बन्धी कोई परेशानी न हो एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में विशेषकर सहरिया बस्ती में कैम्प लगाकर जन्म प्रमाण-पत्र बनाये, इसके पश्चात इण्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक (कढढइ) मैनेजर 0-5 वर्ष के आधार कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की अधिकांश योजनाओं में आधार कार्ड की अनिवार्यता के दृष्टिगत समस्त व्यक्ति 10 वर्ष में अपने आधार का अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक अपडेट अवश्य करायें, जिसमें उगंलियों के निशान, आईरिस स्कैन और नवीन फोटो लिया जाता है समय से अपडेट कराने से आधार डाटा सटीक रहता है। बैठक में बताया गया जनपद में वर्तमान में 79 आधार किट सक्रिय है माह अप्रैल, 2026 में 1821 नए आधार बनाये गए जबकि 8792 आधार अपडेट किए गए।

### समस्याओं को उठाया

# चार माह के वेतन को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

चंद्रशेखर आजाद पार्क कंपनी बाग में आशा महासंघ से जुड़ी आशा कार्यकर्ताओं ने चार माह से लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पहुंचीं आशा बहनों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गर्भवती महिलाओं की देखभाल, टीकाकरण अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं में लगातार कार्य करने के बावजूद उन्हें समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है। चार माह से वेतन न मिलने के कारण उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। आशा महासंघ की पदाधिकारियों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन देकर भुगतान की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। मजबूर होकर उन्हें प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य योजनाओं के सफल संचालन का श्रेय तो लेती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली आशाओं की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने नियमित भुगतान व्यवस्था लागू करने और लंबित वेतन जल्द जारी करने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष आशा यादव, महामंत्री ममता झा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजना चौबे, कोषाध्यक्ष गीता पटेल, नीतू रानी, सरोज राजपूत, बेबी राजा, शिरोमणि के अलावा अनेकों आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# भारतीय किसान संघ ने बारदाने की कमी व बिजली समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने सरकारी गेहूं क्रय केन्द्रों पर व्याप्त समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों की प्रमुख समस्याओं को उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जनपद के विभिन्न सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाने की भारी कमी बनी हुई है, जिसके कारण किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कई किसान कई दिनों से क्रय केंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन बारदाना उपलब्ध न होने से गेहूं की तौल नहीं हो पा रही है। इसके साथ ही किसानों ने दिन के समय विद्युत आपूर्ति न मिलने की समस्या भी जिलाधिकारी के समक्ष रखी। पदाधिकारियों का कहना था कि लगातार दिन में बिजली कटौती होने से किसानों को सिंचाई कार्य में



कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में बिजली संकट के कारण फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पडने की आशंका बनी हुई है। ज्ञापन के माध्यम से भारतीय किसान संघ ने मांग की कि सभी सरकारी गेहूं क्रय केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए तथा किसानों को दिन में नियमित विद्युत आपूर्ति दी जाए, जिससे कृषि कार्य प्रभावित न हों। इस दौरान संघ के कई पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### पुलिस ने रखा था 25 हजार का इनाम

# फर्जी डिग्रियों से नौकरी करने वाली महिला डॉक्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

कोतवाली पुलिस ने फर्जी मेडिकल डिग्रियों और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर डॉक्टर बनकर नौकरी करने एवं आर्थिक लाभ अर्जित करने के मामले में 25 हजार रुपये की इनामिया महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान तालाबपुरा व हाल मप्र सागर के खुरई निवासी लवीना सिंह उर्फ दीपाली गुप्ता पत्नी अभिनव सिंह के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्ता को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई थाना कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या 1422/2025 धारा



319(2), 318(4), 338, 336(3), 336(4), 340(2), 61(2) बीएनएस के तहत की गई। मामले की शिकायत उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा.रामनरेश सोनी द्वारा की गई थी। आरोप था कि अभियुक्त दंपति ने अपने रिश्तेदारों की एमबीबीएस और एमडी की डिग्रियों का दुरुपयोग कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और उनके आधार पर विभिन्न अस्पतालों में डॉक्टर के पद पर नौकरी हासिल कर ली। आरोपियों ने स्वायत्तशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित अन्य संस्थानों में कार्डियोलॉजिस्ट और जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ बनकर नौकरी की तथा आर्थिक लाभ प्राप्त किया। पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्ता और उसके पति अभिनव सिंह ने बहनोई डा.राजीव गुप्ता एवं ननद डा.दीपाली गुप्ता के मेडिकल दस्तावेजों में कूटरचना कर फर्जी पहचान के आधार पर कई वर्षों तक अलग-अलग स्थानों पर डॉक्टर बनकर कार्य किया। पुलिस के अनुसार इस दौरान उन्होंने भारी धनराशि अर्जित कर जमीन, मकान और महंगी गाड़ियाँ खरीदीं। पूछताछ में अभियुक्ता ने स्वीकार किया कि आर्थिक तंगी और पति पर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज होने के बाद दोनों ने मिलकर यह षड्यंत्र रचा। वर्ष 2019 में उसके पति अभिनव सिंह को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

### पार्षद से कब्जे से मुक्त कराने की मांग की

# पेयजल उपलब्ध कराने वाले हैंडपंप पर दबंग का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

आम जनता को पेयजल उपलब्ध कराने की सरकारी योजनाओं को दबंग खुलेआम ठेंगा दिखा रहे हैं। ललितपुर क्षेत्र के नई बस्ती बिहारी राशन कार्ड के पीछे कबीर मंदिर के पास एक सरकारी हैंडपंप पर कब्जा किए है। कई बार मोहल्ले वासियो ने इसकी शिकायत सम्बंधित अधिकारी से भी की है लेकिन शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कई बार मोहल्ला वासियो ने बार्ड नंबर 4 पार्षद से भी उक्त सरकारी हैंडपंप को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। सार्वजनिक जगहों पर जल निगम द्वारा सरकारी हैंडपंप लगाए जाते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि आम जनता को पेयजल मुहैया कराया जा सके। इसके लिए सरकार करोडों रुपये



प्रतिवर्ष खर्च करती है। लेकिन शहर के अधिकांश जगह-जगह लगे हैंडपंप को अपने कब्जे में ले लिया है। यहां तक कि उन्होंने कई सरकारी हैंडपंप में ही अपना सबमर्सिबल पंप लगा रखा है। साथ ही सरकारी हैंडपंप को दबंगों ने अपने घरों की चारदीवारी में कैद करा लिया है। इससे सरकारी हैंडपंप निजी हैंडपंप की तरह प्रयोग हो रहे हैं। सरकारी हैंडपंप को घरों में कैद करने और उस पर सबमर्सिबल लगाने की वजह से मोहल्ले के लोगों में अक्सर झगड़े होते रहते हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया कि उनके मोहल्ले में भी एक दबंग किस्म के व्यक्ति ने सरकारी हैंडपंप में सबमर्सिबल लगा रखा है। वहां अगर कोई दूसरा व्यक्ति पानी भरने जाता है तो उसके साथ मारपीट की जाती है। सरकारी हैंडपंप सार्वजनिक स्थल पर ही लगाए जाते हैं। ताकि शहर की जनता के साथ साथ मोहल्ले मे रह रहे लोग उसका फायदा उठा सकें। यदि सरकारी हैंडपंप का कोई निजी उपयोग करता है तो शिकायत मिलने पर उसके खिलाफ कार्रवाई करना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी बनती है।

### चकबंदी विभाग में बंदोबस्त अधिकारी ने शुरू कराई विभागीय जांच

# लंबे समय से अनुपस्थित दो लेखपाल को निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

चकबंदी विभाग में अनुशासनहीनता एवं शासकीय कार्यों में लापरवाही पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राकेश कुमार सिंह ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे दो चकबंदी लेखपालों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों प्रकरणों में विभागीय जांच भी प्रारंभ कर दी गई है। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राकुश कुमार सिंह ने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शासकीय कार्यों में लापरवाही, आदेशों की अवहेलना एवं अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। जनहित प्रभावित करने वाले मामलों में विभाग द्वारा लगातार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चकबंदी लेखपाल शाहनवाज खान को पूर्व में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में संबद्ध किया गया था, लेकिन उन्होंने निर्धारित आदेशों का पालन नहीं किया और बिना अनुमति लंबे समय तक अनुपस्थित रहे। विभागीय जांच के दौरान भी उनके द्वारा आरोपों का कोई संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया तथा जांच में सहयोग नहीं किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर सहायक चकबंदी अधिकारी क्षेत्र मसौराखुर्द से संबद्ध कर दिया गया है। इसी क्रम में चकबंदी लेखपाल सपना गुप्ता के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार श्रीमती सपना गुप्ता द्वारा विभिन्न अवधियों में शिशु देखभाल अवकाश एवं अवैतनिक अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए थे, लेकिन इसके बाद भी वह 17 फरवरी 2024 से लगातार लंबे समय तक अनुपस्थित रहीं। कार्यालय द्वारा उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, किन्तु उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इस संबंध में पूर्व में चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश, लखनऊ को भी आवश्यक पत्राचार किया गया था। प्रकरण को गंभीर मानते हुए बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राकेश कुमार सिंह ने शसपना गुप्ता को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया । दोनों मामलों में विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। चकबंदी अधिकारियों को जांच अधिकारी नामित किया गया है। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि अनुशासनहीन कर्मचारियों के विरुद्ध आगे भी कठोर प्रशासनिक कार्रवाई जारी रहेगी।

# उप्र में हीटवेव का रेड अलर्ट कई जिलों में लू की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

भारत मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आगामी दिन में भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 22 मई तक विभिन्न जनपदों के लिए हीटवेव रेड अलर्ट जारी किया है।

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नागरिकों, श्रमिकों एवं पशुपालकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। जारी अलर्ट के अनुसार बांदा, फतेहपुर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी में भीषण लू चलने की संभावना है। इसके बाद 21 मई तक बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, ललितपुर, फतेहपुर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी को रेड अलर्ट में रखा गया है। वहीं 21 मई से 22 मई तक बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, कानपुर देहात, कानपुर नगर, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा एवं झांसी में लू से भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने तथा ह्लक्रस्र का सेवन करने की सलाह दी है। श्रमिकों के लिए कार्यस्थल पर छाया, ठंडे पानी और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई है। पशुपालकों को भी सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा गया है कि पशुओं को दिन में कई बार ठंडा पानी पिलाएं।

### लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321 बी2 का 29वां वार्षिक मंडलीय अधिवेशन संपन्न

# सेवा, संस्कार व नेतृत्व का महाकुंभ, वर्षो बाद सर्वसम्मति से चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

आध्यात्म, भक्ति और भारतीय संस्कृति की पावन नगरी वृंदावन उस ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी, जब लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321 बी2 का 29वां वार्षिक मंडलीय अधिवेशन किशुलोचना 2026 अत्यंत भव्यता, गरिमा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। यह अधिवेशन केवल एक संगठनात्मक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, नेतृत्व और पारिवारिक मूल्यों का जीवंत महोत्सव बनकर सामने आया। विशेष बात यह रही कि मंडलाध्यक्ष एमजेएफ लायन सन्मति सराफ द्वारा इस भव्य अधिवेशन को अपने दिवंगत पिता की पुण्य स्मृतियों एवं माता के स्नेहिल आशीर्वाद को समर्पित किया गया, जिससे पूरा आयोजन भावनात्मक एवं आध्यात्मिक ऊँचाइयों तक पहुँच गया। किशुलोचना नाम स्वयं में श्रद्धा, संस्कार और भारतीय पारिवारिक मूल्यों की आत्मा को समेटे हुए दिखाई दिया। दो दिवसीय इस विराट अधिवेशन में ललितपुर, कानपुर, झांसी, उरई, कन्नौज, कायमगंज, फर्रुखाबाद, हरदोई,




रायबरेली, लखनऊ, आगरा, बुलंदशहर, दिल्ली एवं पंजाब सहित अनेक जिलों और राज्यों से आए पूर्व मंडलाध्यक्षों, वर्तमान पदाधिकारियों, प्रथम एवं द्वितीय उप मंडलाध्यक्षों, मल्टीपल पदाधिकारियों, कैबिनेट सदस्यों, क्लब पदाधिकारियों तथा हजारों लायन सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। अधिवेशन का सबसे गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक क्षण वह रहा, जब कई वर्षों बाद मंडल 321 बी2 में चुनाव पूर्णतः सर्वसम्मति (यूनानिमस्ली) से सम्पन्न हुए। तीनों प्रत्याशियों को शत-प्रतिशत समर्थन प्राप्त हुआ, जिसने पूरे मंडल में एकता, विश्वास एवं संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया। इस अवसर पर इलेक्ट डिसट्रिक्ट गवर्नर लायन शरद अग्निहोत्री, इलेक्ट प्रथम उप मंडलाध्यक्ष लायन विश्व रतन त्रिपाठी तथा इलेक्ट द्वितीय उप मंडलाध्यक्ष लायन सुधीर गुप्ता ने मंडल के सभी लायन साथियों, वरिष्ठ नेतृत्व एवं मतदान प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विजय किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि पूरे मंडल 321 बी2 की एकता, प्रेम और विश्वास की जीत है। उन्होंने सेवा कार्यों, संगठन विस्तार एवं नेतृत्व विकास को नई गति देने का संकल्प भी दोहराया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि लायन जितेंद्र सिंह चौहान, कांस्टीट्यूशनल एरिया लीडर झ्र जीएटी एवं एलसीआईएफ तथा डा. बबीता सिंह चौहान, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग रहीं। कार्यक्रम की चेयरपर्सन लायन किरण सिंह रहीं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पूरा आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित एवं भव्य रूप में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि लायन जितेंद्र सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि जब सेवा में संस्कार और नेतृत्व में परिवार के मूल्य जुड़ जाते हैं, तब संगठन नई ऊँचाइयों को प्राप्त करता है। किशुलोचना 2026 उसी भावना का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने मंडल 321 बी2 द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों, सदस्यता वृद्धि, एलसीआईएफ योगदान एवं नेतृत्व विकास की सराहना की। साथ ही सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए चुनावों को संगठनात्मक परिपक्वता और आपसी विश्वास का श्रेष्ठ उदाहरण बताया। डा. बबीता सिंह चौहान ने महिला सशक्तीकरण, सामाजिक सहभागिता एवं मानवीय सेवा में लायंस की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

### ग्रामीणों की सतर्कता और पुलिस की सक्रियता से चोरी हुई भैंसें बरामद

# गोवंश से भरी पिकअप पलटी, एक गोवंश की मौत, प्रकरण पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



क्षेत्र में सोमवार देर रात गोवंश तस्करी और भैंस चोरी से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया, जिसमें ग्रामीणों की सजगता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से न केवल चोरी हुई भैंसें बरामद हो गईं, बल्कि अवैध रूप से ले जाए जा रहे गौवंश को भी बचा लिया गया। हालांकि हादसे के दौरान एक गौवंश की मौत हो गई, जबकि गौवंश से भरी पिकअप वाहन पलटने के बाद उसमें आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हालांकि पिकअप सवार भाग निकले।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सुल्तानिया निवासी जगदीश नागर पिता बलराम नागर की चार भैंसें सोमवार रात करीब 8 बजे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी और सोशल मीडिया तथा विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों पर भैंस चोरी की खबर तेजी से प्रसारित की गई। देखते ही देखते आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण सक्रिय हो गए और भैंसों की तलाश शुरू कर दी गई। ग्रामीणों ने खुजनेर, धामंदा, रोजड़, घटिया, अरनिया, भैंसवा, टूटियां हेड़ी सहित कई गांवों के मार्गों पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों और गतिविधियों पर नजर रखना शुरू कर दिया। ग्रामीण पूरी रात अलग-अलग मार्गों पर डटे रहे। क्षेत्र में बढ़ती हलचल की सूचना पुलिस प्रशासन को भी दी गई, जिसके बाद एसडीओपी अरविंद्र सिंह के नेतृत्व में सारंगपुर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी,पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया, लिमचौहान थाना प्रभारी गोविंद सिंह मीणा सहित आसपास के थानों की पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई।

पुलिस ने विभिन्न मार्गों और गांवों में तलाशी अभियान चलाया तथा संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि रात करीब 3 बजे सुल्तानिया के नाले की दिशा से चोरी हुई भैंसें वापस आती दिखाई दीं। ग्रामीणों ने उन्हें सुरक्षित अपने कब्जे में लिया। वहीं क्षेत्र में यह भी जनचर्चा रही कि इसी दौरान खुजनेर की ओर से गौवंश से भरी एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 42 जी 4314 चिड़लवानिया की दिशा में जाती दिखाई दी। बताया गया कि वाहन में बड़ी संख्या में गौवंश भरा हुआ था। इसी बीच ग्राम धामंदा के समीप उक्त पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बिना देर किए वाहन में फंसे गौवंश को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद कई गौवंश को सुरक्षित बाहर निकाला गया, लेकिन दुर्घटना में एक गौवंश की मौत हो गई और पिकअप सवार मौके से फरार हो गए। घटना के कुछ ही देर बाद पिकअप वाहन में अचानक आग लग गई, जिससे वाहन पूरी तरह जलने लगा। आग लगने की घटना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को संभाला तथा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सतर्कता नहीं बरती जाती तो चोरी हुई भैंसों का पता लगाना मुश्किल हो सकता था।

**बोले जिम्मेदार**

पचोर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुल्तानिया से भैंस चोरी होने की सूचना मिली थी, जो बाद में बरामद हो गईं। इसी दौरान लिमचौहान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धामंदा के समीप एक पिकअप वाहन के पलटने और उसमें आग लगने की जानकारी प्राप्त हुई। मामले की जांच की जा रही है।

**गोविंद सिंह मीणा**, थाना प्रभारी, लिमचौहान

### रात में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माचलपुर में जांच

# कलेक्टर ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

जिला कलेक्टर द्वारा सोमवार की रात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माचलपुर का औचक निरीक्षण किया लेकिन यह निरीक्षण अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं को सुधारने के बजाय महज एक बंद कमरे की कागजी खानापूर्ति बनकर रह गया ऐसा प्रतीत होता है! निरीक्षण के दौरान संवेदनहीनता की हद तो तब पार हो गई जब जिलाधीश ने आम जनमानस और मीडिया से दूरी बनाए रखी ।

इसके ठीक दूसरे दिन मंगलवार की सुबह अस्पताल के डॉक्टरों ने मानवता को शर्मसार करते हुए एक पेट दर्द से तड़पती हुई बुजुर्ग महिला को सिर्फ इसलिए इलाज देने से मना कर दिया क्योंकि ₹अभी सुबह के 9 नहीं बजे थे ।₹बंद कमरे में निरीक्षण, बाहर गुहार लगाती रही जनता सोमवार रात जैसे ही नगरवासियों को जिला कलेक्टर के आने की सूचना मिली, अस्पताल में डॉक्टरों और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जूझ रहे लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। नगरवासियों को उम्मीद थी कि साहब उनकी सुध लेंगे और अस्पताल में परमानेंट डॉक्टर व महिला डॉक्टर की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेंगे।आश्चर्य की बात यह रही कि कलेक्टर साहब ने स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ के साथ बंद कमरे में ही जानकारी ली। न तो मीडिया को अंदर जाने दिया गया और न ही पीड़ित जनता को अपनी बात रखने का मौका मिला। पैर पकड़े युवा ने पर बिना सुने निकल गए साहब, जिला कलेक्टर जब निरीक्षण कर बाहर निकले, तो जनभावनाओं की पूरी तरह अनदेखी करते हुए लोगों की बात सुने बिना ही अपनी गाड़ी की तरफ बढ़ने लगे । इसी बीच नगर के एक जागरूक युवा शिवलाल गुर्जर (पंडाजी) जो नगर की समस्याओं के लेकर सोशल मीडिया पर हमेशा मुखर होकर अपनी बात रखते है ने व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग करते हुए सीधे कलेक्टर साहब के पैर पकड़ लिए। युवक पैर पकड़कर अस्पताल की बदहाली दूर करने की भीख मांगता रहा, लेकिन साहब का दिल नहीं पसीजा और वे उसे दरकिनार कर गाड़ी में बैठकर रवाना हो गए।

निरीक्षण का असरः अगले ही दिन सुबह 8:47 पर '9 बजने' का बहाना कलेक्टर के इस तथाकथित कड़े निरीक्षण की हवा अगले ही दिन मंगलवार सुबह ही निकल गई। लोधा मोहल्ला निवासी कैलाश लववंशी अपनी मां को गंभीर पेट दर्द की शिकायत होने पर सुबह ठीक 8:47 बजे अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जतिन शर्मा से जब मरीज के परिजन ने तुरंत इलाज शुरू करने की मिन्नतें की, तो डॉक्टर ने संवेदनहीन रवैया अपनाते हुए साफ कह दिया, अभी सुबह के 9 नहीं बजे हैं, इलाज 9 बजे के बाद ही होगा। परेशान परिजन ने डॉक्टर को अपनी जेब से प्राइवेट फीस देने तक की पेशकश की, लेकिन समय का हवाला देकर तड़पती महिला का इलाज शुरू नहीं किया गया। अंततः मजबूर होकर परिजन को अपनी मां की जान बचाने के लिए उन्हें किसी अन्य निजी अस्पताल ले जाना पड़ा।

**जनता का सुलगता सवाल**

यह कैसा निरीक्षण?कलेक्टर के औचक निरीक्षण के ठीक 12 घंटे बाद भी अगर डॉक्टरों का यह रवैया बरकरार है, तो जनता यह पूछने पर मजबूर है कि आखिर यह निरीक्षण किसके फायदे के लिए था? क्या अधिकारियों का दौरा सिर्फ फाइलों को दुरुस्त करने के लिए होता है या जमीन पर दम तोड़ती स्वास्थ्य सेवाओं को जीवनदान देने के लिए?

**इनका कहना है**

मेरे पास पहले से ही एक महिला पेशेंट थी जिसको में ईलाज कर रहा था मेने उन्हे ओपीडी समय तक रुकने के लिए बोला था पर वह प्राइवेट देखना चाह रहे थे।

**जतिन शर्मा**, ड्यूटी डॉक्टर

# बारिश, बाढ़, अतिक्रमण व यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले में कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन एवं जनसुरक्षा को लेकर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाने के संकेत दिए।बैठक की शुरुआत आगामी बारिश एवं संभावित बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा से हुई। इस दौरान जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) के कार्यपालन यंत्री के अनुपस्थित पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

वहीं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को जिले के सभी पुल-पुलियों का तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।नगरीय निकायों एवं संबंधित विभागों को नाले-नालियों की साफ-सफाई समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संभावित आपदा से निपटने के लिए वालंटियर्स तैयार कर उनकी सूची जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग को उपलब्ध कराने को कहा गया।बैठक के दूसरे चरण में अतिक्रमण एवं एन्क्रोचमेंट ड्राइव की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि बारिश से पहले अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। राजस्व एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से संवेदनशील स्थानों, नदी-नालों एवं यातायात प्रभावित क्षेत्रों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की जा सके।मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई को लेकर भी कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहे तथा कम से कम तहसीलदार एवं एसडीओपी स्तर के अधिकारी मौके पर मौजूद रहें।

कार्रवाई के बाद उसकी सतत मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध आवश्यक होने पर एफआईआर दर्ज की जाए। वहीं हिट एंड रन की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षा मित्र बनाने की पहल करने के निर्देश दिए गए।बैठक में ट्रैफिक टीआई को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एनएचएआई को आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने एवं निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में प्रशासन की ओर से स्पष्ट संकेत दिए गए कि जनसुरक्षा एवं कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।



## राजगढ़ कलेक्टर ने किया सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण

**जीरापुर।** राजगढ़ जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सोमवार को सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा लेखा शाखा में पहुंचे, जहां उन्होंने दस्तावेजों की जांच की। दस्तावेज खंगालने की प्रक्रिया करीब 2 से 3 घंटे तक चली। इसके बाद उन्होंने अस्पताल टीम के साथ विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ओटी रूम, ओपीडी ,पंजीयन कक्ष, डॉक्टर कक्ष, प्रसूता महिला कक्ष, जनरल वार्ड एवं लेब सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं एवं उपचार व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर टीकाकरण अधिकारी श्री भकोरिया, बीएमओ डॉ. सुनील चौरसिया, तहसीलदार कमल सिंह सोलंकी एवं जनपद सीईओ रंजीतसिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### संपूर्ण राशि बरामद

# फसल चोरी कर बेचने वाले चार आरोपी किए गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में पुलिस अधीक्षक श्री अमित तोलानी (कढर) द्वारा नकबजनी एवं चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशन एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में थाना बोडा पुलिस टीम द्वारा फसल चोरी कर बेचने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरी की गई फसल की बिक्री से प्राप्त संपूर्ण राशि 40,000 रुपये बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 06.04.2026 को फरियादी राधेश्याम पिता भोनीसिंह चोरसिया निवासी ग्राम उमरी द्वारा थाना बोडा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 19.02.2026 को ग्राम उमरी निवासी प्रताप चोरसिया, गिर्राज चोरसिया, राजेन्द्र एवं सुमेर चोरसिया उसके खेत से रायड़ा की फसल काटकर चोरी कर ले गए हैं। रिपोर्ट पर थाना बोडा में अपराध क्रमांक 109/2026 धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपीगण 1. प्रताप सिंह पिता भागचंद चोरसिया . गिरराज पिता प्रेमसिंह चोरसिया . राजेन्द्र पिता मोडसिंह चोरसिया . सुमेरसिंह पिता सर्जनसिंह चोरसिया से पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों द्वारा चोरी की गई फसल को 40,000 रुपये में बेचना स्वीकार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों से फसल बिक्री की संपूर्ण राशि 40,000 रुपये बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र सिंह राजपूत, सउनि समीर खान, सउनि मांगीलाल शिवहरे, आरक्षक दुष्यंत जाट, आरक्षक कपिल अटारिया, आरक्षक पर्वतसिंह रुहैला, आरक्षक सुनील सोलंकी एवं महिला आरक्षक सुमनसिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### पुलिस ने किए 2 आरोपी गिरफ्तार

# बाइक चोरी के मामले में बड़ी सफलता, तीन बाइक जब्त



**राजगढ़।** जिला पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ श्री अमित तोलानी (कढर) द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चोरी के हॉटस्पॉट चिन्हित कर सतत निगरानी, सीसीटीवी विश्लेषण एवं आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री के.एल. बंजारे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजगढ़ श्री अरविंद सिंह राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजगढ़ निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम को दो शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर 03 चोरी की मोटर साइकिल एवं दोनों आरोपियों द्वारा घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त मोटर साइकिल बजाज कंपनी की सीटी हंड्रेड (कुल मशरुका 1,10,000) को बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 10.05.2026 को फरियादी सुल्तानसिंह पिता शिवसिंह सौंधीया निवासी ग्राम करनपुरा थाना कोतवाली राजगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी मोटर साइकिल क्रमांक टढ04ट8785 होंडा शाइन ग्राम करेड़ी स्थित शराब के ठेके के सामने से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। इस पर थाना कोतवाली राजगढ़ में अपराध क्रमांक 283/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार दिनांक 26.02.2026 को फरियादी राधेश्याम पिता रंगलाल तंवर निवासी ग्राम कांसी थाना कोतवाली राजगढ़ द्वारा मोटर साइकिल क्रमांक टढ39ट६6295 होंडा शाइन कलेक्ट्रेड के सामने से चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर अपराध क्रमांक 123/26, धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। साथ ही एक अन्य फरियादी हरिशंकर पिता रामरंजन शर्मा निवासी हेडगेवार कॉलोनी राजगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी बाइक होंडा शाइन हेडगेवार कॉलोनी से चोरी कर ले गया।

## संघर्ष से स्वावलंबन तक प्रहलाद सिंह के जीवन में उम्मीद की नई रोशनी

**गुना।** जिले की जनसुनवाई एक बार फिर किसी जरूरतमंद के जीवन में नई आशा लेकर आई। तहसील मकसूदनगढ़ निवासी दिव्यांगजन प्रहलाद सिंह लंबे समय से स्वयं का रोजगार शुरू करने की इच्छा रखते थे, लेकिन आर्थिक अभाव उनके सपनों के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा बना हुआ था।अपनी समस्या और उम्मीद लेकर वे जनसुनवाई में कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के समक्ष पहुंचे। कलेक्टर श्री कन्याल ने उनकी परिस्थिति को गंभीरता से सुना और संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु आर्थिक सहायता राशि प्रदान की।सहायता प्राप्त होने के बाद प्रहलाद सिंह के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि अब वे अपने पैरों पर खड़े होकर सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि उनके जीवन को नई दिशा देने वाला संबल है।यह पहल न केवल दिव्यांगजन के आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा है, बल्कि समाज में यह संदेश भी देती है कि प्रशासन की संवेदनशीलता और सहयोग से जरूरतमंदों के सपनों को नई उड़ान दी जा सकती है।





# खनिज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी, 2 वाहन और 2 जेसीबी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। प्रशासन को प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए छापामार कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में बमोरी क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध गतिविधि करते पाए जाने से राजस्व दल द्वारा 02 जेसीबी एवं खनिज दल द्वारा 01 ट्रैक्टर लोडर जब्त कर थाना बमोरी एवं गुना म्याना क्षेत्र में 01 डंपर क्रमांक MP07GA0262 द्वारा खनिज गिट्टी का अवैध रूप से रॉयल्टी में उल्लिखित मात्रा से अधिक परिवहन करते हुए पाया गया, जिसे मौके पर जब्त किया गया। जिसे जब्त कर थाना म्याना की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।इस कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित खनिज विभाग का अमला एवं राजस्व विभाग से नायब तहसील बमोरी जयप्रकाश गौतम व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गांजा तस्करी में 2 आरोपी गिरफ्तार 2 किलो से गांजा और बाइक जब्त की

**नशे के विरुद्ध गुना पुलिस का निरंतर प्रहार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मृगवास थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 2.039 किलोग्राम गांजा एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है।पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।जानकारी के अनुसार 18 मई 2026 की रात्रि में सानई चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति बिना नंबर की हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल पर गांजा लेकर बडकुआ मार्ग से राजस्थान की ओर जाने वाले हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने बडकुआ के कच्चे रास्ते पर घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सुनील गुर्जर (22 वर्ष, निवासी गोविंदपुरा, थाना चांचौड़ा, जिला गुना) एवं विनोद गुर्जर (30 वर्ष, निवासी जरकड़िया खेड़ी, थाना करनवास, जिला राजगढ़) बताए। तलाशी लेने पर उनके पास से थैले में रखा गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने कुल 2.039 किलोग्राम गांजा, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख रुपये एवं मोटरसाइकिल की कीमत लगभग 1 लाख रुपये बताई गई है, जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध थाना मृगवास में अपराध क्रमांक 49/26, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप यादव, सानई चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज लोधी सहित पुलिस टीम एवं साइबर सेल का विशेष योगदान रहा।




# गर्मी के बीच बिजली संकट गहराया, विद्युत समस्याओं को लेकर विधायक ने प्रबंध संचालक से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित जिलेभर में इन दिनों भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंचने के कारण आमजन गर्मी से बेहाल हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कुलर, पंखे और एसी का सहारा लेने को मजबूर हैं, वहीं लगातार बढ़ते बिजली उपयोग के कारण विद्युत व्यवस्था पर भी अतिरिक्त दबाव देखा जा रहा है। इसी बीच नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। दिन के साथ-साथ रात में भी बार-बार बिजली बंद होने से आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों, बुजुर्गों एवं मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से विद्युत व्यवस्था सुधार एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की जा रही है।

क्षेत्र में बढ़ती समस्याओं को देखते हुए मंगलवार दोपहर क्षेत्रीय विधायक भोपाल पहुंचे और के प्रबंध संचालक से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने नरसिंहगढ़, कुरावर, बोड़ा, तलेन सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती, मेंटेनेंस कार्यों में अनियमितता तथा उपभोक्ताओं को मिल रहे बढ़े हुए बिजली बिलों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार की मांग की। इस दौरान प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि समय रहते सभी व्यवस्थाओं में सुधार होगा।

## लंबे समय से फरार मारपीट प्रकरण का आरोपी दबोचा

**गुना।** जिले में फरार आरोपियों एवं स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के अभियान के तहत फतेहगढ़ थाना पुलिस ने 14 वर्ष पुराने गंभीर मारपीट प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2012 में आरोपी मिश्रीलाल उर्फ मिश्रिया गुर्जर निवासी छत्पुरा (राजस्थान) के विरुद्ध फतेहगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 34/12, धारा 326, 324, 323, 506, 294 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्रकरण में आरोपी लंबे समय से न्यायालयीन कार्यवाही से फरार चल रहा था, जिसके चलते न्यायालय गुना द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था।

## जनसुनवाई में सुनी गईं 315 समस्याएं, दिए अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश

**गुना।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य एवं नामांतरण से संबंधित कुल लगभग 315 आवेदन प्राप्त हुए।जनसुनवाई के दौरान दो जरूरतमंदों को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर तत्काल चेक प्रदान किए गए। इनमें शहनाज (बूढ़े बालाजी) जो कैंसर रोग से पीड़ित हैं तथा लोकेन्द्र भदौरिया (नानाखेड़ी) शामिल हैं, जिन्होंने उपचार हेतु सहायता की मांग की थी।इसी प्रकार दिव्यांगजनों के आवेदन पर संवेदनशीलता दिखाते हुए दो हितग्राहियों को ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराई गई। इनमें मनोहर सहरिया (ग्राम कोंतर, बमौरी) एवं अजबसिंह सहरिया (ग्राम चक्क सिंगवासा, गुना) शामिल हैं, जो 80 प्रतिशत अस्थिबाधित हैं। ट्रायसाइकिल मिलने पर दोनों ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।